**खबर संक्षेप**

## समूह लोन के नाम पर की गई धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**कटनी।** लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं के साथ जालसाजी करने के मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र के दद्दा धाम स्थित एक स्माल फाइनेंस बैंक के कर्मचारियों ने समूह लोन के नाम पर 80 महिलाओं के साथ 19 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में जयहिन्द राजभर 29 निवासी दद्दा धाम माधवनगर कटनी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों आशू यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, शिवम शर्मा पर मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि सूमह लोन जमा करने के नाम पर महिलाओं से 25 मार्च 2024 से 30 नवंबर 2024 के बीच रुपए लिए गए। इन महिलाओं ने भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन दद्दा धाम से समूह लोन लिया था। मामले में झिंझरी चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। अभी आरोपी पुलिस पकड़ से दूर हैं।

### संकट मोचन महाबली हनुमानजी के जन्मोत्सव पर शहर सहित ग्रामीण अंचलों में हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन

# धूमधाम से निकली शोभायात्रा, मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





माता अंजनी के लाल संकटमोचन रामभक्त महाबली हनुमान जी के जन्मोत्सव पर शहर सहित ग्रामीण अंचलों में विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में अनुष्ठान और हवन पूजन, आरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

हनुमान जयंती के अवसर पर दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान मंदिर कमानिया गेट मे आनंद महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मंदिर में भक्तों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। एक दिन पूर्व शुक्रवार को विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया जों शाम 5 बजे से दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान मंदिर कमानिया गेट से प्रारंभ होते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से निकली। शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन विशाल प्रभात फेरी शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग झांकियों के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी देखने को मिली। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्री दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर में समाप्त हुयी। सायंकाल 7 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। रात्रि 8: 30 बजे से दिव्य पंच महाआरती का आयोजन कर नगर के लोगों के लिए अरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की गई। आज रविवार, 13 अप्रैल को पूर्णाहुति हवन प्रातः 10 बजे से श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन होगा।

### हवन पूजन तो कहीं अखंड पाठ



हनुमान जयंती के अवसर पर शहर सहित उप नगरीय क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी विविध धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। शहर के पुरानी कचहरी, पीर बाबा समीप हनुमत कुटी, देवरी टोला, उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह, हनुमान मंदिर कुठला, गोल बाजार कांच मंदिर, पठरा स्थित बजरंग धाम, वेंकट वार्ड हनुमान मंदिर, हीरागंज पुराना सिविल कोर्ट हनुमत धाम में रामचरितमानस का अखंड पाठ के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुआ।

इसी तरह पुराने न्यायालय भवन, स्टेट बैंक मेन ब्रांच के बाजू में स्थित हनुमत धाम पर हनुमान जन्मोत्सव व हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ हुआ। शनिवार को समापन पर हनुमतधाम प्रबंध समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पूजन पाठ के बाद पूर्णाहुति यज्ञ तथा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।



### महापौर ने लिया आशीर्वाद

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों के साथ कटाए घाट स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में दर्शन कर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात महापौर श्रीमती सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों के साथ बैठकर मंदिर प्रांगण में आयोजित हो रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महापौर श्रीमती सूरी नगर निगम कार्यालय के हनुमान मंदिर पहुंचकर अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की और शहरवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉक्टर रमेश सोनी और सुभाष शिबू साहू सहित निगम के अधिकार कर्मचारी गणेश बिचपुरिया, देवी मिश्रा, ओमप्रसाद सोनी मौजूद रहे।

### ग्राम मगरहटा में जल संवाद संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

# जल संरक्षण और संवर्धन के लिए उठे हजारों हाथ, श्रमदान कर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले भर मेंविभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर आमजनों को जल संरक्षण और संवर्धन का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को विकासखंड बड़वारा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की एवं ग्रामीणों की संयुक्त सहभागिता से बरगवा नंबर 2 ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम मगरहटा मे जल संवाद संगोष्ठी कार्यक्रम, एवं राम घाट पर साफ-सफाई का कार्य किया गया।

जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के द्वारा ग्रामवासियों ने जल संवाद किया गया। संवाद के माध्यम से जल के संचयन हेतु विभिन्न आयामों के द्वारा जल स्त्रोत को बचाने हेतु प्रकाश डाला गया। जनपद सदस्य विनय नागवंशी द्वारा अपने ग्राम में विभिन्न आपूर्तियों का अभाव एवं विशेषता को बताते हुए ग्राम वासियों की मनसा को प्रकट करते हुए प्रशासन से स्थल को पर्यटन के रूप में रखे जाने की मांग की। विकासखंड समन्वयक बड़वारा नंदिनी वाटिया के द्वारा सभी ग्राम वासियों का जल गंगा संवर्धन अभियान कार्य को उत्साह पूर्वक किए जाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान परिषद से डॉक्टर तेज सिंह केशवाल एवं ब्लॉक समन्वयक नंदिनी वाटिया, जनपद सदस्य विनय नागवंशी एवं, उपसरपंच प्रतिनिधि अनिल चौधरी की उपस्थिति में नवान्कुर संस्था, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत परामर्शदाता, प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सामूहिक श्रमदान कर रामघाट मे सफाई का कार्य किया जाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

# आवास प्लस सर्वे के लिए मासांत तक बढ़ाया गया समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**पीएम आवास योजना ग्रामीण में पात्र परिवारों के जोड़े जा रहे नाम**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री मण्डल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये (2024-25 से 2028-29) मंजूरी प्रदान की गई। उक्त संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने हेतु आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। संदर्भित पत्रों के माध्यम से उक्त सर्वे कार्य 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवास प्लस 2024 सर्वे की समय सीमा को एक महीने के लिये बढ़ा कर 30 अप्रैल 2025 की गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समय-सीमा मे पात्र परिवारों का सर्वे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे तथा यह भी सुनिश्चित करे कि सर्वे से कोई भी पंचायत, ग्राम, टोला, मजरा आदि न छूटे एवं समस्त पात्र परिवारों का सर्वे सूची में नाम दर्ज हो।

# सीएसआईआर नेट प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सीएसआईआर नेट प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी हेतु अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर प्रणव मिश्रा सहायक प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय दमोह उपस्थित रहे। डॉक्टर प्रणव मिश्रा द्वारा सीएसआईआर नेट परीक्षा की विस्तृत जानकारी दी गई ।उनके द्वारा सीएसआईआर नेट प्रतियोगी परीक्षा के पाठ्यक्रम, प्रश्नपत्र के विभिन्न भागों तथा उत्तर ढूंढने के सरल उपायों पर चर्चा की गई। डॉ मिश्रा द्वारा सीएसआईआर नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने में सहायक पुस्तकों तथा अन्य संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की भी जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यकम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा इस परीक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कार्यकम का संयोजन संगीता बासरानी सह संयोजन डॉ सुची सिंह तथा डॉ शैलजा बरसैंया द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ सुधीर कुमार खरे, डॉ सुशील मिश्रा, सहायक प्राध्यापक डॉ आर पी सिंह उपस्थित रहे।

## ग्रामों में दीवार लेखन कर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी।** जिला प्रशासन कटनी द्वारा जारी दिशा-निर्देश के परिपालन तथा जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पटना मढिया में नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी धनीराम द्वारा जल संरक्षण हेतु दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। वहीं विकासखंड ढीमरखेड़ा नवांकुर संस्था पिपरिया सहलावन, एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों द्वारा ग्राम की सार्वजनिक दीवारों में नारे लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया। संदेशों के माध्यम से पानी की महत्ता पर जोर देते हुए संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### महापौर ने जल संरक्षण के लिए नागरिकों को किया प्रेरित

# 31 लाख के विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने चंद्र शेखर आजाद वार्ड में लगभग 31 लाख रुपए की लागत से तीन स्थलों में बनने वाली सी सी रोड एवं एक सी सी नाली निर्माण नागरिकों की सुविधा हेतु कराए जाने वाले कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद नीतू कपिल रजक, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू और सुरेन्द्र गुप्ता सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में मौजूद रहे। महापौर श्रीमती सूरी ने भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से उनकी सुविधा हेतु कराए जा रहे इन विकास कार्यों के निर्माण के दौरान निगम प्रशाशन का सहयोग प्रदान करने की अपील की। वही निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नागरिकों से जल का अपव्यय न करने तथा निगम प्रशासन द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आयोजित की जा रही गतिविधियों में सहभागिता करने की भी अपील की।

### व्यवस्था होगी बेहतर

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमति नीतू रजक ने बताया कि नगर विकास की श्रृंखला में शनिवार को चंद्र शेखर आजाद वार्ड में सी सी सड़क ओर नाली का निर्माण पूर्ण हो जाने से नागरिकों को जहां आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण होने से सड़क में पानी भराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### गाटर घाट का निरीक्षण

भूमिपूजन कार्यक्रम के उपरांत महापौर ने गाटर घाट पहुंचकर घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय उपयंत्री अश्वनी पांडे को नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए घाट में रिटेनिंग वॉल और पिचिंग आदि के कार्यों का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व स्थानीय नागरिकों ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए भूमिपूजन के लिए पहुंची महापौर श्रीमती सूरी, स्थानीय पार्षद नीतू कपिल रजक सहित उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्पमाला से स्वागत कर आभार व्यक्त किया।




## खबर संक्षेप

### नियंत्रण एवं प्रबंधन हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 15 अप्रैल को

**कटनी।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के निर्देशानुसार कटनी जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन मेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) परिसर में निर्धारित थीम ?गैर-संक्रमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन अतंर्गत 15 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से शाम 5बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में गैर-संक्रमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे- आमवात ,संधिवात, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि रोगों का निशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी। साथ ही मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की जावेगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ रितु द्विवेदी द्वारा बताया गया है कि इस तरह के शिविर का आयोजन आयुष विभाग द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में प्रत्येक माह में किया जा रहा है। आम जन से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ लें।

### फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय को विश्वसनीय मुखबीर की सूचना पर ग्राम रैपुरा में मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जो स्थायी वारंटी छोटू उर्फ प्रकाश कोल पिता दयालु कोल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रैपुरा थाना कुठला को पकडा गया उक्त स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

### लापता हुए किशोर को पुलिस ने किया बरामद

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने लापता किशोर को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी में नाबालिक बालक की तलाशी का अभियान चलाया और अंततः कटनी नगर से बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल की दोपहर 12 बजे 15 वर्षीय किशोर अपने माता व पिता के काम पर जाते ही घर में अपने छोटे भाई को खेलने जाने का कहकर अपने दोस्तो के साथ ट्रेन पकड़कर उज्जैन घूमने के लिए निकल गया और जब शाम तक नाबालिक घर वापस नही आया तो परेशान माँ थाने पहुंची। माधवनगर पुलिस ने धारा-137(2) बीएनएस का प्रकरण कायम कर अपहत बालक की कटनी एवं सीमावर्ती जिलो के साथ साथ जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी में लगातार तलाश कर रही थी। अंततः अपहत को मुखबिर की सूचना पर कटनी नगर से सउनि बैजंती सिंह ने आरक्षक रणविजय यादव, सुभाष यादव, अनूप सिंह के साथ मिलकर दस्तयाब किया। जिसकी प्रारंभिक कार्यवाही बाद पुलिस ने अपहत को उसकी माता को सुपुर्द कर दिया।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक का 17 अप्रैल को

**कटनी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है । उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिला पंचायत की पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव पर कार्यवाही पालन प्रतिवेदन संबंधित विभागों के एजेण्डा के साथ चर्चा व समीक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आर ई इस, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, 15वा वित्त योजनांतर्गत कार्यों का अनुमोदन सहित चर्चा व समीक्षा की जायेगी। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष , उपाध्यक्ष और सामान्य सभा के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

## फसल अवशेष पर आग नहीं लगाने की अपील को किसान दिखा रहे ठेंगा

# प्रतिबंध के बाद भी नरवाई में आग लगाने वालों पर प्रशासन का सख्त रूख, अब तक 11 एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पर्यावरण प्रदूषण को रोकने एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नष्ट होने से बचाने सहित अग्नि दुर्घटनाओं से होने वाली क्षति से बचाव के लिए कलेक्टर द्वारा फसल अवशेष (नरवाई) में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाकर नरवाई में आग लगाने का सिलसिला लगातार चल रहा है। प्रशासन भी सख्त रूख अपना रहा है। फसल अवशेष नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध जिले में अब तक विभिन्न पुलिस थाना में 14 व्यक्तियों के विरुद्ध 11 अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने किसान भाइयों से भूमि की उर्वरता को सुरक्षित रखने और आग लगाने से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के मद्देनजर नरवाई नहीं जलाने का आग्रह किया है। फ़सल अवशेष नरवाई जलाने पर पुलिस थाना उमरियापान में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत बीते शुक्रवार को पिपरिया शुक्ल ढीमरखेड़ा निवासी आनंद पटेल और सुग्रीव प्रसाद कुर्मी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। ग्राम पिपरिया शुक्ल के ग्राम कोटवार सूरज प्रसाद दाहिया ने पंचनामा और हल्का पटवारी का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर एफ आई आर दर्ज कराया है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि हल्का पटवारी नंबर 44 के खसरा नंबर 607 में आनंद पटेल ने और खसरा नंबर 623 में सुग्रीव कुर्मी ने नरवाई में आग लगाया है।

### स्लीमनाबाद थाना में एफआरआर

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन है। इसके अलावा स्लीमनाबाद पुलिस थाना में शुक्रवार की देर शाम ग्राम धरवारा निवासी प्रमोद पटेल के विरुद्ध नरवाई जलाने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।धरवारा पटवारी उमेश कुशवाहा द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में उल्लेखित है कि धरवारा खसरा नंबर 1278 रकवा नंबर 0.84 हेक्टेयर भूमि,जिसके भूमि स्वामी लखन लाल पिता डेलन राम हैं। इस भूमि पर सिकमी कृषक प्रमोद पटेल निवासी धरवारा द्वारा आग लगाया जाना पाया गया। पटवारी के मौका मुआयना और पंचनामा के आधार पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी आदेश के उल्लंघन करने के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### इनके विरूद्ध मामला दर्ज

हल्का पटवारी ग्राम जरवाही नंद लाल ताम्रकार ने पुलिस थाना माधवनगर को दिये पंचनामा ,प्रतिवेदन पत्र में लिखा है कि ग्राम गैतरा निवासी भूमि स्वामी सह खातेदार शिवकुमार पिता ईश्वरी प्रसाद पटेल ने खसरा नंबर 1146 में गेहूं की फसल काटने के बाद आग लगा दिया था।इस पर शिवकुमार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।एक अन्य मामले में पुलिस थाना कैमोर में मुकेश कोरी निवासी घोरवई थाना बदेरा जिला मैहर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। मुकेश कोरी ग्राम पड़रेही में तीर्थ पांडेय और नारायण पाण्डेय के खसरा नंबर 112 रकवा 1.29 हेक्टेयर भूमि को ठेके पर लेकर कृषि कार्य करता है। फसल कटाई के बाद फसल अवशेष को मुकेश ने जला दिया था।इस पर पड़रेही हल्का पटवारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने पंचनामा और मौका मुआयना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर मुकेश कोरी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करा दिया।

# बालाजी मंदिर से झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी



हनुमान जयंती के अवसर पर सिलौंडी में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें हनुमान कुटी बाजार मोहल्ला में सुभाष राय, राहुल राय के परिवार के सहयोग से 24 घंटे अखंड रामायण पाठ के बाद हवन पूजन भंडारा हुआ ।

श्री बालाजी मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी माता की झांकी के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। सुंदरकांड के बाद श्री बालाजी मंदिर में भंडारा का आयोजन हुआ ।

पुलिस चौकी के पास दक्षिण मुखी हनुमान जी की प्राण की नव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। चक्रवर्ती समाज के विशेष सहयोग से मंदिर का नव निर्माण हुआ ।

संत श्री श्री 1008 दामोदर दास के सानिध्य में पूजन पाठ श्री संयोग शास्त्री और गोपी महाराज ने कराया ।और विशाल भंडारा भी किया गया । जिसमें ग्राम के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राय,सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय,पूर्व सरपंच डॉक्टर मनमोहन राय,रमेश राय ,डॉक्टर प्रशांत राय ,कपिल राय , भरत राय , शंकर लाल, समिती अध्यक्ष बालमुकुंद चोबे ,अक्षय राय,दुर्गा श्रीवास ,नीरज राय ,अरविंद सोनी ,अमरीश राय,मनीष दहिया सहित शामिल हुए ।ओमकार सोनी , जितेंद्र सोनी जी का विशेष सहयोग रहा हैं। शाम को 4:00 बजे से विशाल वाहन रैली मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ,अमरेश राय,सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में निकली गई जो की पूरे क्षेत्र नेगई, सगमा,लालपुर , अतरसुमा होकर पंचमुखी दरबार में समाप्त हुई । सिलौंडी बस स्टैंड में सनत राय आशु राय के परिवार के विशेष सहयोग से भंडारा का आयोजन हुआ । रात्रि में बड़े हनुमान ,छोटे हनुमान जी मंदिरों में महाआरती और प्रसाद वितरण हुआ ।

## निःशुल्क राशन की सुविधा का लाभ लेने कराएं ई केवायसी

# जिले में हितग्राहियों के ई-केवाईसी के लिए 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कटनी जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क राशन सुविधा का निर्बाध लाभ मुहैया कराने के लिए अभियान स्वरूप में विशेष कैंप लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों का 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराया जाना सुनिश्चित करें।यह निर्देश कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों,नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगरपालिका अधिकारियों, सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को ताकीद किया है कि हर हाल में ई-केवाईसी कार्य 30अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है। इसलिए प्रतिदिन करीब 10 हजार हितग्राहियों का ई-केवाईसी करने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाये। उन्होंने आगाह किया कि वे स्वयं इस कार्य की प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

कलेक्टर श्री यादव ने ई-केवाईसी कार्य में व्यवस्थित गति के लिए अनुविभाग स्तर पर सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी और क्षेत्रीय सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारियों का दायित्व सौंपा है।

### किसी भी उचित मूल्य दुकान पर करा सकते हैं ई-केवायसी

जिला या प्रदेश से बाहर यदि कोई पात्र सदस्य किसी भी राशन दुकान से राशन का उठाव कर रहा है ,तो वह उसी दुकान पर ई-केवाईसी करा सकता है।इसके अलावा यदि किसी भी पात्र परिवार का कोई व्यक्ति बाहर रहता है या फिर घर पर नहीं है। ऐसी स्थिति में किसी भी नजदीकी राशन दुकान पर जाकर वह ई-केवाईसी करा सकता है।

### हितग्राहियों से अपील

कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा है कि 30 अप्रैल तक की समयावधि के भीतर समस्त राशन पात्रता पर्चीधारी अपना ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लेवें। ताकि हितग्राहियों को मई माह में भी बिना किसी व्यवधान के निर्बाध राशन मिलता रहे।

### 1.83लाख हितग्राहियों की होनी है ई-केवाईसी

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 9 लाख 47 हजार 105 हितग्राही हैं। जिसमें से 7 लाख 63 हजार 966 हितग्राहियों की ई-केवाईसी हो चुकी है।इस प्रकार 81 फीसदी हितग्राहियों की ई-केवाईसी हो गई है। लेकिन 1 लाख 83 हजार 139 हितग्राही अभी भी ई-केवाईसी के लिए शेष है, जिनकी अभियान चलाकर ई-केवाईसी कराने कलेक्टर ने निर्देशित किया है।

## कवियों ने गीत, गजल एवं कविता पाठ से बांधा समा



विजयराघवगढ़ स्थित राजकोठी प्रांगण में सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति के तत्वावधान में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कटनी से आए ख्यातिलब्ध कवियों ने शानदार रचनाएं पढ़कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए और तालियां बटोरी। शाम को कवि सम्मेलन मां काली की स्तुति और मां सरस्वती की वंदना से किया गया। इसके बाद वरिष्ठ कवि रामनरेश विद्यार्थी ने पल दो पल क्या मिले आपसे, आपसा आचरण हो गया, कवि लखन डेहरिया अंजान ने मां रूठ जाए तो शिवाला रूठ जाता है, डॉक्टर राजेश प्रखर ने राष्ट्र भक्ति पर मिटने वाले मृत्युंजय कहलाते हैं, कवि मकसूद खान नियाजी ने एक परिंदा आशियाना ढूंढता है, कवि अजय त्रिपाठी ने बलिदानी जो उनका पुण्य धारा अभिनंदन करती है आदि रचनाओं के माध्यम से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध किया। कवयित्री अर्चना सोनी ने शानदार कविता पढ़कर तालियां बटोरीं। कुंवर अभिजीत सिंह ने बताया कि कवि सम्मेलन करीब 8 बजे प्रारंभ हुआ जो देर तक जारी रहा। संचालन कवि मकसूद खान नियाजी ने किया। राजकुमारी श्रीमती शारदा सिंह और समिति के सदस्यों ने कवियों को सम्मानित किया।

# सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाए सभी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़




विजयराघवगढ़ में भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। विधायक संजय पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज बूथ से लेकर देश के बड़े हिस्से में भाजपा सत्ता के माध्यम से जनसेवा कर रही है । भाजपा का एक एक कार्यकर्ता भारत की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के मिशन में अपना योगदान दे रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में हमारी सरकार देश को विकास लिए लगातार कार्य कर रही है आज विश्व में भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मोदीजी नेतृत्व में अखंड भारत निर्माण को गति मिलेगी जल्द ही पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विश्वास और स्थायित्व का माहौल बना। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने न केवल विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सम्मान दिया। भाजपा ने महिला सम्मान के लिए 33% आरक्षण क़ानून लागू किया है।

मैं आप सभी कार्यकताओं से केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याण की योजना को जनजन तक पहुंचाए और देश के विकास में अपना भी योगदान दें। मैं चाहता हूं आपके गांव बस्ती का विकास बूथ स्तर के कार्यकर्ता के मन के अनुरूप विकास हो आप सभी विकास कार्यों की रूप देखा के विषय में अपने विचार जरूर बताएं।

## श्रमदान एवं रैली निकालकर जल संरक्षण का दिया संदेश

# जल स्रोतों को साफ स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी, वर्षा जल संवर्धन की करें तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है इस अभियान को सफल बनाने के लिए मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक के मगरहटा और भदौरा नं.1 और बिजौरी में नाले व तालाब की साफ सफाई और खुदाई का कार्य किया गया। ढीमरखेड़ा ब्लॉक के सलैया, कोकोडबरा और दादर सिहुडी गांव में तालाब की साफ सफाई और रैली निकालकर इसी प्रकार से बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के अलग अलग गांव में दीवाल लेखन, रैली निकालकर, बैठके कर जल संरक्षण का सन्देश पहुँचाया। अभियान के दौरान महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया गया।

पेयजल एवं जल स्रोतों के रखरखाव के लिए साफ सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। नाले एवं तालाब का गहरीकरण कार्य किया गया। जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। इस अभियान के माध्यम से जल स्रोतों की सफाई, जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जन जागरूकता फैलाना है। जल संरचनाओं और जल स्रोतों को स्वच्छ रखना।

अभियान का उद्देश्य जल संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, जल स्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करना और जल वितरण संरचनाओं की सफाई करना है। यह अभियान न केवल जल संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज में जल के महत्व को समझने और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी मदद करेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने में मानव जीवन विकास समिति कार्यकर्त्ता टीम का विशेष सहयोग रहा है।

## बड़वारा एवं आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा मंदिरों में हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा ग्राम के पुरातन ऐतिहासिक हनुमान ताल में स्थापित हनुमान जी के मंदिर में हनुमान जयंती पर हजारो की संख्या में श्रद्धालु जन महाबीर हनुमान जी के दर्शन को पहुंचे। श्रीराम भक्त हनुमान जी की प्राचीन सिद्ध मूर्ति बड़वारा में हनुमान ताल में विराजमान है जहां पर प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को धर्म प्रेमी बंधु पहुंचते हैं एवम पूजन करने के साथ ही रात्रि में रामायण का गायन भी करते हैं । शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोग इस सिद्ध स्थल पर पहुंचे व संकट मोचन महाबली हनुमान जी की श्रद्धा पूर्वक पूजा किये। संकटमोचन जी का अभिषेक किया गया। हनुमान जी की आरती के गायन से मंदिर परिसर हनुमान जी के रंग में रंग गया।

### निकाली गई शोभायात्रा

बड़वारा नगर में रामभक्तों ने पवन पुत्र हनुमान जी के प्रकटोत्सव पर भगवाम राम सीता लक्ष्मण के साथ ही हनुमान जी को आकर्षक रथ में विराजमान कर नगर में शोभा यात्रा निकाली जिसका नगर वासियों के द्वारा जगह जगह पूजन स्वागत किया गया। भगवा रंग से झंडे लहराते भक्तों में अपार खुशी की झलक दिखी। हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसकी प्रसाद लेने लोगों में उत्साह रहा। हनुमान ताल में हनुमान मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने महा प्रसाद प्राप्त किया।

बड़वारा बस स्टैंड में भी समाज सेवियों के द्वारा हनुमान जी की पूजा की गई व भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया।

बड़वारा थाना में हनुमान मंदिर में बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी व स्टाफ के सौजन्य से मारुति नंदन की विधि विधान के साथ पूजा की गई एवम भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें राहगीरों के साथ ही स्थानीय व गणमान्य जनों के साथ ही श्रद्धालु जनों ने भंडारे की प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में रामायण मण्डली के द्वारा रामायण का वाचन किया गया।

### बजरंग धाम पठरा

संकटमोचन मारुति नन्दन अंजनी पुत्र राम भक्त हनुमान जी के प्रकटोत्सव पर बजरंग धाम पठरा में स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विभिन्न आयोजन किये गए। मंदिर के प्रमुख पुजारी पँडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर संकटमोचन हनुमानजी का जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजन किया गया। श्रद्धालुओं के द्वारा कथा एवम हवन का आयोजन किया गया। स्थानीय व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी संख्या भगवान महावली हनुमान जी के दर्शन को एकत्रित हुई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी संख्या मंदिर में हनुमान जी के दर्शन व पूजा करने के लिए पहुंची। श्रद्धालु जनों के द्वारा मंदिर परिसर में कथा श्रवण की गई । मंदिर में रामायण मण्डली के द्वारा राम नाम का संकीर्तन किया गया। मंदिर में परिसर में ही भव्य विशाल भंडारे का स्थानीय जनों व मंदिर कमेटी के द्वारा आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में भंडारे की महा प्रसाद का वितरण किया गया।

# जिले में ग्राम सभाओं का आयोजन कल से होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में 14 से 18 अप्रैल तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने संबंधित विभागों ,जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों को ग्राम सभाओं में संपादित की जाने वाली चिन्हित गतिविधियों पर ग्रामीणों से चर्चा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ग्राम सभाओं का व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित कराने नोडल अधिकारियों की तैनाती करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नही किये जाने हेतु जागरूकता, बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजना पर चर्चा,की जायेगी। साथ ही स्कूलों और ऑगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा होगी।

शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित,पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेश कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेश का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से स्वीकृति पर चर्चा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर अमानगंज में निकाली गई विशाल शोभायात्रा

**गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा भी रहे मौजूद**

**अमानगंज।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर अमानगंज के हिंदू धर्म प्रेमी बंधुओ ने नगर अमानगंज में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नगर अमानगंज के बड़े हनुमान जी मंदिर से निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्रमुख देवालयों पर पहुंची जगह-जगह इस शोभायात्रा का स्वागत किया गया वही शोभायात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए वापस बड़े हनुमान जी मंदिर पहुंची जहां इसका विसर्जन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा भी शामिल हुए।

### खेत में पड़ी तीन एकड़ की गेहूं की फसल आग में जलकर खाक

**पीड़ित किसान पहुंचा अमानगंज थाने**

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम ढोरोहां में एक आगजनी का मामला सामने आया है जिसमें किसान की तीन एकड़ की फसल जलकर खाक हो गई है। पीड़ित किसान ने शनिवार की दोपहर अमानगंज थाना पहुंचकर सूचना देते हुए पुलिस को बताया कि शुक्रवार की दोपहर खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग धँधक उठी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीन एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। वहीं पीड़ित किसान रामस्वरूप पिता बारे पटेल उम्र 50 वर्ष निवासी ढोरोंहा ने पूरे मामले की सूचना अमानगंज पुलिस को दी जिस पर आज अमानगंज पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच मे लिया।

### क्षेत्र में हो रही निरंतर सड़क दुर्घटनाएं, अमानगंज बाईपास के पास तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिरी

**25 वर्षीय युवक हुआ गंभीर रूप से घायल, कटनी रेफर**

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अमानगंजदृ छतरपुर मुख्य सड़क मार्ग बाईपास के पास एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है । जिसमें यह 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल है प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी हीरापुर पवई अपने रिश्तेदारी के यहां गढोखर आया हुआ था तभी अमानगंज से गढोखर जाते वक्त मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे मोटर बाइक में सवार उमेश चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे 108 वाहन के माध्यम से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, ट्रैक्टर के नीचे दबा चालक

**अमानगंज।** जिले के सुनवानी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सुनवानी ग्राम के पास सुनवानीदृ जैतपुर मुख्य सड़क मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है, जिसमें ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर चालक खेत में गहरी जुताई कर वापस सुनवानी आ रहा था और अत्यधिक स्पीड में था वही अचानक ट्रैक्टर की स्टेरिंग अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर पलट गया।

## मंदिरों में हुये विविध आयोजन, प्रभु श्री राम व रामभक्त हनुमान के जयकारों से गूंजा नगर

# हनुमान जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को शक्ति और साहस के प्रतीक और भगवान श्री राम के परम भक्त संकटों को हरने वाले संकट मोचन और रुद्रावतार श्री हनुमान का जन्मोत्सव नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर व क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा कर हवन पूजन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के साथ कन्या भोज भंडारा के आयोजन किए गए। इस वर्ष श्री हनुमान जयंती शनिवार को होने पर



भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही मंदिरों में हनुमान भक्तों की भीड़ देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में भक्तों द्वारा शौर्य और साहस के प्रतीक माने जाने वाले वीर हनुमान की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए मंदिरो में विराजमान हनुमानजी की मूर्ति पर माला, चोला और सिंदूर लगाकर मनोकामना की प्रार्थना की। नगर के धनुष धारी मंदिर में सुबह से ही भक्तो का तांता लगना शुरू हो गया था जो देर रात्रि तक चलता रहा वहीं नगर के मद्दी का बगीचा में विराजमान राम भक्त हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर उनका विधि विधान से पूजन अर्चन कर सुंदरकांड का आयोजन किया गया इसके उपरांत कन्या भोजन भंडारा प्रसाद वितरण किया गया इसके अलावा देवश्री गौरीशंकर मंदिर में विराजमान हनुमान मंदिर में सुबह की बेला में संकट मोचन की विधि विधान से पूजा अर्चना पंडित जी द्वारा की गई वहीं मां चंडी जी मंदिर थाना मंदिर परिसर तीन बत्ती तिगड्डा स्थित बजरंग बली मंडिया सकोर में विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान की आराधना करने दूर-दराज से लोग पहुंचे। भक्तों द्वारा मंदिरों में अखंड रामायण पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया गया।

अंजनी पुत्र पवनसुत के जन्मोत्सव पर संध्याकालीन मद्दी के बगीचा हनुमान मंदिर से जय बजरंग अखाड़ा कमेटी द्वारा एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बड़ा बाजार राम मंदिर रतन बजरिया तीनबत्ती तिगड्डा राय चौराहा से मंदिर मस्जिद चौराहा होते हुए पुनः मंदिर में पहुंची जहां प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम, राम भक्त हनुमान एवं राम दरबार की झांकी अखाड़े की आगे आगे शोभायमान हो रही थी वही बजरंग अखाड़े में युवाओं द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन किया जा रहा था एवं डीजे बैण्ड बाजों की धुन पर युवा वर्ग काफी झूमते हुए भक्ति में लीन होकर जय श्रीराम जय हनुमान के उद्घोषों के साथ शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान नगर वासियों ने भगवान का आरती पूजन कर भव्य स्वागत किया।

## बजरंगबली को 51 किलो माला पहनाकर लगाया 21 किलो मुगद लडडू का भोग

**बनवार।** ग्राम की खेर माता मंदिर में विराजमान भव्य और दिव्य दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव के अवसर भव्य शोभायात्रा मंदिर समिति के द्वारा निकाली गई जिसमें ग्राम के श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया शोभा यात्रा का समापन मंदिर प्रांगण में किया गया जिसके तत्पश्चात हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही भव्यता के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम हनुमान जी महाराज को विशेष पोशाक सिंदूर चोला चढ़ाया गया इसके बाद 51 किलो पुष्प हार की माला पहनाई गई। वही भक्त गगन नामदेव गोपाल नामदेव के द्वारा भगवान को 21 किलो मुगद लड्डू का भोग लगाया गया साथ ही हनुमान जी प्रतिमा को गदा घोटा भी भेंट किया गया। बता दे बनवार खेर माता मंदिर में अति प्राचीन दक्षिण मुखी दिव्य और भव्य हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान है। मान्यता है संकट मोचन भगवान के दरबार पर जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से मन्नत मांगता है सिद्ध प्रतिमा



उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण करती है। यही आस्था विश्वास का प्रमुख केंद्र हनुमान जी मंदिर भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से ग्राम के भक्त हर वर्ष मानते हैं। इसी तरह खमरिया छपरवाहा संकट मोचन मंदिर एवं राम दरबार रोड ग्राम के बजरिया मोहल्ला सिमरी बड़ी पंचमुखी हनुमान मंदिर डूमर पाताल भैरवी बड़गुवा मढ़ा मंदिर सहित चौपरा पटी मंदिरों में भी हनुमान जी जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां सुंदरकांड हनुमान चालीसा कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया गया।



## हवन पूजन के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शनिवार को श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से विधिविधान से पूजन, अभिषेक हवन पूजन, भंडारा हुआ। ग्राम नरगुवों के हनुमान मठ को बड़े ही आकर्षक रूप से सजाया गया शाम 5.30 बजे से श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज की शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य सड़क भौडी हनुमान मंदिर में सुबह से हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया वार्ड क्रमांक 3 बजरंग बली चौराहे मढ़ियाघाट हनुमान मंदिर जनपद परिसर में बैठे हनुमान जी पंचवटी मंदिर रेंज परिसर सहित सभी मंदिरों में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया । राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर एक दिन पूर्व से ही नगर तथा आसपास के अनेक हनुमान जी के मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुन्दर कांड, रामधुन, हनुमान चालीसा का आयोजन प्रारंभ हो गये थे। शनिवार को हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर सुबह से



विधी विधान के साथ हवन पूजन अभिषेक एवं कन्या भोज व भंडारे हुए। रेंज परिसर स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से पूजन पाट किया गया । शाम 5.30 बजे से मढ़ियाघाट स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर से राम भक्त हनुमान जी की वाहनों में भव्य झांकियां सजा कर बैंड बाजो के साथ पूर्ण भक्ति भाव से शोभा यात्रा निकाली गई । साथ ही ग्राम भौडी हनुमान मंदिर से भी शोभायात्रा निकाली गई। जहां शोभा यात्रा के आगे आगे अखाड़े के सदस्य हैरत अंग्रेज करतब दिखाते चल रहे थे। शोभा यात्रा मढ़ियाघाट हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर श्रीराम मंदिर पहुंची जहां पूजन के बाद नगर भ्रमण करते हुए ब्लांक परिसर स्थित पंचवटी श्री सिद्ध धाम पहुंची जहां पूजन अर्चन कर नगर भ्रमण करते हुए पुनः मढ़िया घाट मंदिर में शोभा यात्रा का समापन किया गया। समापन के बाद हनुमान जी महाराज का पूजन एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह आरती उतारी गई एवं तारादेही तिराहा चैराहे पर प्रसाद का वितरण किया गया। ऐसे ही नगर के पंचवटी धाम के सभी मंदिरो को भव्य भगवा कलर झंडो, फूलमालाओ सहित अनेक वस्तुओ से सजाया गया था। साथ ही सुबह से हवन पूजन हुआ शाम को हनुमान जी की महाआरती की गई इसके बाद शुद्ध घी के लड्डू का प्रसाद वितरण किया।

### दोनी मंदिर पहुंचे हजारों भक्त

वहीं नगर के हनुमान मंदिर के साथ ही हजारों भक्त सुबह से ग्राम दोनी के हनुमान मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने पूजन अर्चन कर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और दर्शन किए साथ ही भंडारे में शामिल हुए राहुल लोधी ठाकुर ने बताया कि दोनी के हनुमान जी सरकार सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं यहां पर जो भी भक्त आता है वो खाली हाथ नहीं जानता है मैं भी अपने दोस्तों और परिवार के साथ दोनी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और हर शनिवार मंगलवार सहित अन्य दिनों में भी यहां पर पहुंचकर दर्शन करता हूं क्योंकि मुझे यहां पर बहुत शांति मिलती है और अच्छा भी लगता है आज हवन पूजन अर्चन कर धर्मलाभ अर्जित किया।

## मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन



**हटा।** अपर जिला सत्र न्यायालय हटा में शनिवार को अधिवक्ता कक्ष में मध्यस्थ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर अधिवक्ता व न्यायाधीशों के बीच विस्तृत चर्चा की गई। आयोजित मध्यस्थता जागरूकता शिविर में श्री सुनील कुमार, द्वितीय जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, हटा, राम सिंह बघेल, तृतीय जिला न्यायाधीश,तेजसिंह गौड़, जेएमएफसी, सुश्री निशिता श्रीवास्तव, जेएमएफसी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके असाटी एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। शिविर में उनके उनके द्वारा अधिक से अधिक प्रकरण मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किये जाने हेतु बताया गया साथ ही उनके द्वारा आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा की गई।

## कृषक 12 एकड़ की फसल नरवाई से बनाया भूसा

**दमोह।** पथरिया के ग्राम सेमरा बुजुर्ग के कृषक भाई गनेश पटेल/रामकरण पटेल द्वारा स्वयं के 12 एकड़ खेत में गेहूँ की फसल में नरवाई से भूसा बनाने हेतु मशीन चलाई गई। कृषक श्री पटेल ने आग्रह करते हुए कहा किसान भाई गेहूं की खड़ी नरवाई में आग ना लगाएं, उस खड़ी गेहूं की नरवाई का खेत में ही उसका भूसा बना कर प्रबंधन कर लिया जाये।

## कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन



बनवार। जबेरा विधानसभा के ग्राम नोहटा में रानी अवंतीबाई परिसर में नाइट कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन 6 अप्रैल से शुरू हुआ है। इस टूर्नामेंट में 32 टीमों ने हिस्सा लिया है, जो जबेरा विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। ये टूर्नामेंट मंत्री श्री धर्मेन्द्र लोधी जी के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान में लीग मैचों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक दिन शाम 6:00 बजे से देर रात तक 6 मैच खेले जा रहे हैं। 14 अप्रैल, सोमवार से क्वार्टर फाइनल मैचों का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट का लाइव स्कोर चैलेंज प्लेस पर प्रसारित किया जा रहा है, जिससे दर्शक घर बैठे इसका आनंद उठा सकते हैं। युवाओं के लिए खेलों का महत्व समझाते हुए आयोजक नितेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षा और संस्कारों के साथ-साथ खेल भी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं ।

## जिला चिकित्सालय दमोह में दो डायलिसिस मशीनें इंस्टाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला चिकित्सालय दमोह में मराजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. रावेन्द्र ठाकुर ने बताया 30 अतिरिक्त बिस्तरीय आईसोलेशन का निर्माण विभिन्न वार्डों में किया गया हैं, जिसमें 10 टी.बी. वार्ड के द्वितीय तल, 10 पी.पी.ओ.टी वार्ड, आई.सी.यू. एवं 2 डायलिसिस वार्ड को सुविधा सम्पन्न किया गया है। उन्होंने बताया 24X7 घंटे डायलिसिस सेवा चालू कर दी गयी है, प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज से नर्सिंग ऑफिसर छात्रों की ड्यूटी के साथ औषधी एवं उपकरण की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इसके साथ 24X7 चिकित्सक एवं ऑन कॉल विशेषज्ञ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। सिविल सर्जन डॉ ठाकुर ने बताया मौसम में बदलाव और मरीजों को सुगम स्वास्थ्य सुविधा को देखते हुए आइसोलेशन वार्ड को तैयार किया गया है। इसमें 10 बेड की व्यवस्था की गई है, इसमें उल्टी, दस्त के मरीजों को रखा जायेगा यदि कोई बीमार पड़ जाता है,तो यहॉ पर रख के उनका इलाज किया जायेगा। इसके अलावा 20 वार्ड की व्यवस्था जिला चिकित्सालय के अंदर की गई है, जो कि वैकल्पिक व्यवस्था है। हमारे पास आई.सी.यू में 6 बेड अतिरिक्त तैयार रहते है, जरूरत पड़ने पर उपयोग किया जाता है, इसके अलावा डायलिसिस की 6 मशीने थी 2 और मशीन इंस्टाल की गयी है। इसी प्रकार 2 डायलिसिस मशीन और आ जाने से मरीजों को और सुगम सुविधा हो गई है। उन्होंने बताया डायलिसिस मशीन के साथ ही पर्याप्त स्टाफ भी यहां पर है।

## महावीर जयंती पर शोभायात्रा का किया स्वागत



**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन दमोह द्वारा जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर विविध आयोजन किये गये। मुख्य रूप से संगठन द्वारा जैन समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया व आरती की गई। स्वागत कर सभी लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, पदम इटोरिया , सुशील गुप्ता, नरेंद्र बजाज हरिभूमि, सत्यप्रकाश असाटी, संजय रतले, जुगल अग्रवाल, महेंद्र गुप्ता, विकल्प जैन रहे।

## महाराष्ट्र को हराकर हाकी मप्र की टीम सेमीफाईनल में

**दमोह।** हॉकी मध्य प्रदेश की सीनियर बालक हॉकी टीम ने राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगितामे इतिहास रच दिया है। हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया कि झांसी मे खेलीजा रही राष्ट्रीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता मे हॉकी मध्य प्रदेश की टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच मे महाराष्ट्र को शूट आउट मे पराजित कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। हॉकी मध्य प्रदेश महासचिव लोकबहादुर के निष्पक्ष चयन प्रक्रिया से पुरूष टीम ने पहली बार सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। आज सुबह खेले गये रोमांचक मैच मे मध्य प्रदेश की टीम ने छठे मिनट मे मिले पेनाल्टी कार्नर को प्रताप ने गोल कर मध्य प्रदेश को बढत दिलाई। नोवे मिनट मे महाराष्ट्र ने जवाबी आक्रमण कर आकिब के फील्ड गोल से बराबरी हासिल कर ली। उतार चढाव भरे मैच मे आखिरी समय तक एक एक गोल से बराबर रही। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट से हुआ जिसमे हॉकी मध्य प्रदेश के सुंदरम श्रेयस अली अहमद प्रताप ने गोल किये। महाराष्ट्र ने दो गोल किये। हॉकी मध्य प्रदेश के गोल कीपर को वेस्ट मैच खिलाडी घोषित किया।टीम के कोच इमरान राकेश देवकीनंदन की कुशल रणनीति से खिलाडियो ने शानदार प्रदर्शन कर विजय प्राप्त की। हॉकी मध्य प्रदेश टीम की उपलब्धि पर पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया, सासद राहुल सिंह, अजय टडन, पूर्व विधायक विजय वर्मा, डी एल गोर, उपाध्यक्ष ललित नायक, कोषाध्यक्ष जगेनदर तोमर सहसचिव राजेश सालोमन हरिशंकर यादव भगवान सिंह विजय ठाकुर संतोष सेन आभा रोहित एन आई एस कोच सरोज राजपूत असार इमरान तरूण विवियन राजकुमार आदि ने बधाई दी है।



## श्रीराम कथा का भक्तिमय विश्राम

**बनवार।** फूलन देवी हिनौती में चल रही 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भक्तिमय विश्राम हुआ। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा कि भगवान की कथा का कभी अंत नहीं होता। उन्होंने भगवान के दिव्य स्वरूप का वर्णन किया और हनुमान जी के लंका प्रवेश और लंका दहन की कथा सुनाई। कथा व्यास ने हनुमान जी के अलौकिक प्रताप को बताते हुए कहा कि जो भी परमात्मा का नाम लेकर कोई काम करता है, उसके सभी कार्य सफल होते हैं। राम-रावण युद्ध का प्रसंग और राम राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि जब समाज में ऊंच-नीच, बड़े-छोटे, गरीब-अमीर का भेदभाव समाप्त हो जाएगा, उसी दिन भारत में रामराज्य आ जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल कहने से रामराज्य नहीं आएगा, बल्कि समाज में भगवान राम की तरह आचरण करने से सब कुछ संभव हो जाएगा। कथा के समापन अवसर पर गांव के बड़े बुजुर्गों और आयोजकों ने रामायण और श्रीरामजी के चित्रपट पर तिलक लगाकर राज्याभिषेक का अनुकरण किया। आयोजक खिलान सिंह पंडा, तिलक सिंह ठाकुर, सोनू सिंह ठाकुर, कृष्णा सिंह ठाकुर सहित अन्य भक्तों ने इस अवसर पर उपस्थिति दर्ज कराई।

## भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती नगर में भव्यता के साथ मनाई जाए

**तेंदूखेड़ा।** भारतरत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर जी की 134वीं विकासखंड स्तरीय जयंती समारोह पुलिस थाने के पास आयोजित किया गया है कार्यक्रम सोमवार 14 अप्रैल शोभायात्रा दोपहर 12:30 बजे से मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शाम 4 बजे से भण्डारा : प्रसाद वितरण कार्यक्रम है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह लोधी संस्कृति एवं पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री विशिष्ट अतिथि दशरथ सिंह लोधी पूर्व उर्जा राज्यमंत्री , प्रताप सिंह लोधी पूर्व विधायक, सुरेशचंद जैन अध्यक्ष न.प., चेतन जैन , तुलाराम यादव ज.प. अध्यक्ष , राजू रसिया कार्यक्रम के आयोजक तिलक राज अहिरवार ब्लॉक अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ ब्लॉक ,उपाध्यक्ष कंधीलाल माते कार्यक्रम सयोजक ईश्वर प्रसाद बेन जिला अध्यक्ष बंशकार समाज,सचिव मनोज अहिरवार,कोषाध्यक्षः बालकिशन अहिरवार, सहकोषाध्यक्ष जगदीश अहिरवार,व्यवस्थापक : भगवानदास अहिरवार बहेरिया वाले, राजेश राज,विधि सलाहकारः श्री एम.पी. बसोरे सम्मिलित हैं।

## गुड्डा सिंह ठाकुर बने कर्मचार संघ के तहसील अध्यक्ष

**तेन्दूखेड़ा।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर तेंदूखेड़ा ब्लाक इकारई के चुनाव सम्पन्न कराने हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा में निर्वाचन प्रक्रिया कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र रैकवार के मार्गदर्शन में निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुए जिसमें तहसील अध्यक्ष पद पर गुड्डासिह ठाकुर सचिव मनोहर सिंह ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष दिलीप द्विवेदी, रहे। इसी प्रकार ब्लाक अध्यक्ष बलवीर राय, सचिव शंकरलाल झारिया, कोषाध्यक्ष पद हेतु सतेन्द्र जैन को चुना गया। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया जिला संयोजक सुरेन्द्रराय एवं पूर्व बीईओ एन. एस. एस. राजपूत के कुशल मार्गदर्शन / सहयोग से सम्पादित करायी गई। इस अवसर पर ब्रजराज परिहार, तेजेस्वर तिवारी, अमीन सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्राचार्य रघुराज सिह खेमचंद्र राय ,नरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों मौजूदगी रही।



## खबर संक्षेप

### नन्हें मंदिर में आज परीक्षा

**दमोह।** पूज्य निर्यापक मुनि श्री 108 सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से संचालित द्वादशवर्षीय स्वाध्याय पाठयक्रम सागानेर द्वारा आयोजित 2025 की परीक्षा में परिक्षार्थियों द्वारा भारी उत्साह दिखाया जा रहा है। परीक्षा के संयोजय संतोष अभिनाशी ने बताया कि दो चरणो में परीक्षा आयोजित की जा रही है जिसमें 262 परीक्षार्थी पूरे जिले से बैठ रहे है। परीक्षा केन्द्र पार्श्वनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर जी दमोह में दिनांक 13 अप्रैल दिन रविवार को 1:30 बजे से आयोजित होगी।

### फांसी लगाकर नव विवाहित महिला ने की आत्महत्या

**पथरिया।** पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत जेरठ चौकी के समीप पुरा पायरा निवासी नवविवाहिता रेखा पति मनोज पटेल उम्र करीब 23 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार पति मनोज पटेल ने बताया कि जैसे ही पत्नी ने फांसी लगाई, तो तत्काल अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह जेरठ चौकी प्रभारी एएसआई गोपाल सिंह ठाकुर ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द किया जा रहा है। बता दे की पंचनामा कार्यवाही करते समय गुस्साए परिजनों ने पति पर आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगे,इसी दौरान मौजूद पुलिस और स्थानीय लोगों ने मृतिका के पति मनोज पटेल को बचाकर सुरक्षित स्थान पर लाए, इसी दौरान परिजन गंभीर आरोप लगाते हुए नजर आए। वही पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### मंत्री के क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**पथरिया।** क्षेत्र में विगत दिनों से ऐसे हालात बने हुए हैं कि हर कहीं चर्चाएं हो रही है कि वाकई में अब क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद है वही अब तो जनता जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली भी चर्चाओं में बनी हुई है कि क्षेत्र में कोई भी गंभीर घटना हो जाए लेकिन एक बार कोई जिक्र तक नही किया जाता कि हमारे क्षेत्र में ऐसी गंभीर घटना हो रही है उस समय अगर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मानवीय संवेदना व्यक्त कर दें तो शायद आमजन को इतना मेहसूस तो होता है कि हमारे जनप्रतिनिधि को ध्यान में तो है यह बात। क्षेत्र में जुआ, सट्टा,आईपीएल,अवैध शराब कारोबार चरम पर है वही रहे भी क्यों नही जब जिम्मेदार अवैध कारोबार करने वाले को मंचों से समाजसेवी बोलने लगें तो वह भी सोचने लगें हैं कि हम जो कारोबार कर रहे वह जनता के लिए भले कुछ हो पर सम्मान मिलना मतलब हमारी पहचान अच्छे कार्य में हो रही है।

### पुलिस जांच में खुलासा, एमबीबीएस के बाद की सभी डिग्रियां फर्जी, लंदन के डॉक्टर के नाम रखा फर्जी नाम

# पुलिस को डॉक्टर के घर से मिला फर्जी डॉक्यूमेंट का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

फर्जी हार्ट सर्जन नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ डॉक्टर नरेंद्र जॉन केम का फर्जीवाड़ा अब सामने आने लगा है। पिछले दिनों मिशन अस्पताल में हुई सात मौतों के मामले में उक्त डॉक्टर को प्रयागराज से गिरफ्तार किए जाने के बाद न्यायालय ने डॉक्टर को पुलिस रिमांड पर भेज दिया था। पुलिस को रिमांड पर लगातार चौकाने वाले खुलासे सामने आ रहे थे। लगातार हो रही पूछाताछ के साथ ही पुलिस ने अब तक हुई पूछताछ में सामने आई जानकारी मीडियो को दी गई। प्रयागराज में जिस मकान में यह डॉक्टर रह रहा था वहां से पुलिस ने भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। शनिवार शाम को पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि



नरेंद्र यादव ने केवल एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। इसके बाद की उसकी सभी डिग्रियां फर्जी हैं। उसने आधार कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी कूटरचित कर स्वयं तैयार किया था। पुलिस ने डॉक्टर के फ्लैट से फर्जी दस्तावेज बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं, जिन्हें साक्ष्य के तौर पर जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने कानपुर स्थित नरेंद्र यादव के पैतृक घर की भी तलाशी ली है, जहाँ पता चला कि उसका अपने परिवार के सदस्यों से अधिक संपर्क में नही था। एसपी सोमवंशी ने बताया कि आरोपी के पास से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज मिले हैं और उसके विदेश जाने या उच्च शिक्षा प्राप्त करने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। इस मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) गहनता से



छानबीन कर रहा है। टीम को नरेंद्र यादव के बचपन के फोटो सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी मिली है, जिससे यह साबित होता है कि गिरफ्तार व्यक्ति कानपुर का ही नरेंद्र यादव है। जबकि उसने उत्तराखंड के पते पर आधार कार्ड बनवाया था, जहाँ एक अन्य व्यक्ति "ए जान कैम" के नाम से रहता है, जिसका सहारा भी नरेंद्र यादव ने लिया था।

### लंदन के डॉक्टर एन जॉन केम से काफी प्रभावित था

डॉक्टर पुलिस अधीक्षक ने बताया जब हमने इसके पिता से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह पढ़ने में शुरू से ही बहुत होशियार था और लंदन की जॉर्जिस यूनिवर्सिटी के डॉक्टर एन जॉन केम से काफी प्रभावित था। उन्हें आदर्श मानता था, इसलिए उनके नाम पर इसने अपना नाम नरेंद्र जॉन केम रख लिया। इसके घर से कई रिसर्च पेपर भी बरामद हुए हैं। आरोपी डॉक्टर के घर में एक पूरी की पूरी लैब बनी हुई है। वहां से पुलिस ने कई सारी फर्जी डिग्रियां और दस्तावेज बरामद किए हैं. जो रिसर्च पेपर बरामद किए गए हैं। उसमें इसने संपादन भी किया है। घर से जो चीजें बरामद हुई हैं वह फर्जी हैं। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 2004 से लेकर 2009 तक अमेरिका में रहा है, वहां से इसने एमडी की डिग्री प्राप्त की है पुलिस को जांच में इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस संबंध में संबंधित यूनिवर्सिटीज और मेडिकल कॉलेज से संपर्क कर रहे हैं।

### लंदन के डाक्टर का नाम का लिया सहारा

पुलिस अधीक्षक ने बताया आरोपी डॉक्टर का कहना है कि वह लंदन के डॉक्टर एन जान केम के साथ काम किया है. लेकिन मीडिया से निकली खबरों में पता चला है कि डॉक्टर जॉन केम ने आरोपी डॉक्टर द्वारा कही गई बातों का खंडन किया है। इसने अपना नाम इसलिए बदला कि इसका मेडिकल जगत में प्रभाव जम जाए। इसके पहले भी इसने एक बार नाम बदलने का प्रयास किया था। संगठन द्वारा रजिस्ट्रेशन कैंसिल किए जाने के कारण ही नई जगह प्रेक्टिस करने के लिए ही इसने फर्जीवाड़ा किया है ।

### सीएमएचओ की रिपोर्ट का इंतजार

एसपी का कहना है हम सीएमएचओ की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही तय होगा कि कौन-कौन सी धाराएं बढ़ाई जाएंगी। वही एजेंसी के माध्यम से मिशन अस्पताल में जॉइनिंग किए जाने के संबंध में उन्होंने बताया कि भोपाल की जिस संस्था से इसकी जॉइनिंग की बात सामने आई है उसके डायरेक्टर से हमारी बात हुई है। डायरेक्टर का कहना है कि हमने उसकी जॉइनिंग नहीं कराई है।

## मातारानी के मंदिर में चोरी अज्ञात चोर सीसीटीवी में कैद



**दमोह।** शहर के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दमोह शहर के धर्मपुरा इलाके में मां जगदंबा के मंदिर में अज्ञात चोरों ने देर रात चोरी की घटना को अंजाम देकर माता रानी की दो नथे, चांदी के तीन चार मुकुट, करीब 6500 नगदी के अलावा और भी सामग्री चुरा लिये। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुये। पार्षद यशपाल व पंडित विनोद जी की सूचना पर मौके पर 100 डायल, एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, सीएसपी अभिषेक तिवारी,टीआई मनीष कुमार,कोतवाली पुलिस सहित और भी पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## राजीनामा के लिए दबाव के चलते तंग आकर नाबालिग ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। एक और हृदयविदारक घटना सामने आई है छेड़छाड़ से तंग आकर एक नाबालिग युवती ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और क्षेत्र में गहरा आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, बीते 14 मार्च की रात जब नाबालिग युवती अपने खेत पर बने घर से बाहर निकली थी, तभी गांव के ही रहने वाले ने उसके साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। युवती के शोर मचाने पर उसके माता-पिता मौके पर पहुंचे, जिन्हें उसने आप बीती सुनाई। इंसाफ की गुहार लेकर पीड़िता के परिजन थाने पहुंचे, लेकिन आरोप है कि वहां उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और उन्हें सिर्फ एक आवेदन लेकर लौटा दिया गया। बड़ी मुश्किलों के बाद मामला दर्ज हो सका। परिजनों का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पीड़िता और उसके परिवार पर लगातार सुलह करने का दबाव बना रहा था। सुलह न करने पर उसने पीड़िता के माता-पिता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। आरोपी की धमकियों से परेशान होकर आखिरकार नाबालिग युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। मृतक युवती के परिजनों का स्पष्ट आरोप है कि पथरिया पुलिस ने इस मामले में समय पर उचित कार्रवाई नहीं की। यदि पुलिस ने तभी गंभीरता दिखाई होती, तो आरोपी के हौसले इतने बुलंद नहीं होते और आज उनकी बेटी जिंदा होती। अब पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है उनकी मांग है कि इस पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच की जाए और आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसके साथ ही, क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में किसी और निर्दोष को इस तरह अपनी जान न गंवानी पड़े।

वही इस संबंध में थाना प्रभारी सुधीर बेगी का कहना है कि उक्त मामले में लड़की के पिता के कथन पर मामला दर्ज कर लिया गया है जिसमें एक आरोपी की गिरफ्तारी हो गई दूसरे की तलाश जारी है।

## स्वास्थ्य केंद्र चलाया स्वच्छता अभियान



**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया 1 स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में कार्यरत आउटसोर्स सफाई कर्मी हड़ताल पर होने के कारण अस्पताल परिसर की सफाई नहीं हो पा रही थी 1 भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सदस्य, संघ के कार्यकर्ता, नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने मिलकर अस्पताल परिसर में सफाई की 1 वहां पर लगी हुई कटीली झाड़ियां, कटीली भटकटैया, धतूरा, सूखी घास, पॉलिथीन आदि से परिसर को स्वच्छ किया 1 स्वच्छता अभियान में श्रमदान करने वालों में नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल, मुन्नालाल अवधिया, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, बलराम पटेल, शंकर लाल तंतुवाय ,हर प्रसाद चौरसिया, उत्तम सिंह लोधी, लकी मिस्त्री,निरन सिंह ठाकुर, बृजेश सेन, देवराज पटेल,निलेश ताम्रकार , कन्नू बंसल, कृष्ण अहरवाल, मुकेश वाल्मिक, जीवन आदि लगभग 40 परिजनों ने सुबह 7:00 बजे से 8:30 बजे तक श्रमदान करके अस्पताल परिसर एवं वॉशरूम आदि को स्वच्छ साफ किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के बीएमओ अशोक बरोनिया ने भी सहभागिता की व अंत में सभी का आभार माना।

## ज्ञान कुंज लाइब्रेरी का शुभारंभ 15 अप्रैल से

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की पहल पर पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में महिला बाल विकास विभाग के बाजू से नवनिर्मित हाल में एक और ज्ञान कुंज लाइब्रेरी 15 अप्रैल 2025 से प्रारंभ की जा रही हैं। इस लाइब्रेरी में 50 से अधिक विद्यार्थी बैठकर अध्ययन कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने बताया रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हैं, जिन विद्यार्थियों को इस लाइब्रेरी में रजिस्ट्रेशन कराना हैं वह बस स्टैंड के पास पुराने जिला पंचायत भवन में स्थित लाइब्रेरी के प्रबंधक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया विद्यार्थियों के लिए एक और लाइब्रेरी की शासन द्वारा स्थापना की जा रही है। जहां पर बैठकर पढ़ने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। चूंकि शीट निश्चित है अतः पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अभी प्रथम 50 विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा प्रदान की जायेगी। लाइब्रेरी में निर्धारित नियमों के तहत विद्यार्थियों को अध्यापन करना होगा तथा अनुशासन का पालन न करने वाले विद्यार्थियों को तत्काल निष्कासित किया जा सकेगा। गुटका पान तंबाकू आदि नशा जैसी चीज पूर्णत प्रतिबंधित होगी।

## जबलपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत, पुलिस कर रही जांच

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात तेन्दूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 8 में जबलपुर मार्ग पर स्थित हाईस्कूल के समीप तेन्दूखेड़ा निवासी एक युवक को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला है और युवक की



देर-रात स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 5 में रहने वाले शिवचरण पिता उत्तम पाल उम्र 40 वर्ष जो कि रात 11 बजे अपने घर से खाना खाकर खेत के लिए निकला था लेकिन रात करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक हाईस्कूल के पास सड़क किनारे घायल अवस्था पड़ा हुआ है। जहां घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पड़े युवक को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया लेकिन डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक के पैर के ऊपर से बड़ा वाहन निकल गया है जिसके कारण मृतक के दोनों पैर छतिग्रस्त हो गए थे। साथ ही यह भी पता नहीं है युवक के साथ कितने टाइम हादसा घटित हुआ है। क्योंकि पुलिस को जानकारी रात 2 बजे मिली है पुलिस द्वारा अब जांच की जा रही है। पुलिस ने शनिवार की सुबह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच व तलाश शुरू कर दी है।

## जंगल में रह रहे सागर जिला के युवक की भूख प्यास से हुई मौत

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत रमपुरा ग्राम के बाहर जंगल में भागवल पिता रमचंदी उम्र 32 निवासी ग्राम मडखेड़ा जागीर थाना सुरखी जिला सागर का शव मिला है। बताया जा रहा है कि युवक की मौत भूख और प्यास के कारण हुई थी युवक अनेक दिनो तक खाना नहीं खाता था साथ ही अधिक गांजा पीता था। जिस कारण से मौत हुई है। तारादेही पुलिस को शुक्रवार की शाम सूचना प्राप्त हुई थी साथ ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तेंदूखेड़ा भेजकर शनिवार को पोस्मार्टम कराया गया है। तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया है कि रमपुरा ग्राम में जनवरी में आदिवासी समाज का एक कार्यक्रम हुआ था। इसी में कार्यक्रम यह युवक यहां पर आया था और गांव के बाहर जंगल में खेरमाता मंदिर के पास अपने देवी देवता हैं। वहीं पर रहकर स्थान बना रहा था गांव वालो से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह युवक 8 दिन तक खाना नहीं खाता था लेकिन गांजा पीने का आदि था। जिस कारण डीहाईड्रेसन के कारण मौत होना लग रहा है। भागवल पटेल कुल 7 भाई है यह सबसे छोटा भाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। साथ ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगीं।

## असाटी समाज ने लगाया भव्य निःशुल्क नेत्र शिविर



**दमोह ।** असाटी समाज दमोह की तीनों समितियो के द्वारा शहर स्थित असाटी वार्ड-1 संस्कार भवन में श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के द्वारा विशाल नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण कर भव्य एक आयोजन किया गया.जिसमें असाटी समाज अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, युवा अध्यक्ष विनय असाटी और महिला अध्यक्ष नेहा असाटी ने बताया कि यह शिविर का आयोजन शुक्रवार सुबह 9 बजे से शुभारंभ हुआ, जो 3 बजे तक चलता रहा. जिसमें सिर्फ असाटी समाज नहीं बल्कि सभी समाज के मरीजों ने पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाया. उन्होंने बताया कि लगभग 648 मरीजों की आंखों का चेकअप किया गया और 477 मरीजो को चश्मा प्राप्त हुए तथा 52 मरीज को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चित्रकूट के लिए रवाना किया जाएगा. इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में तीनों समितियों के पदाधिकारी,संरक्षक, मार्गदर्शक मंडल, सलाहकार सदस्यों के साथ शिविर के संयोजक सत्यप्रकाश असाटी, सहसंयोजक शुभम सेवाराम असाटी और महिला सहसंयोजक नंदिनी सुरेंद्र असाटी का विशेष योगदान रहा. साथ ही इस भव्य व सफल शिविर आयोजन के विशेष आकर्षण के केंद्र रहे. इस अवसर पर चित्रकूट से आए डॉक्टर शुभम मिश्रा के अलावा समस्त असाटी समाज दमोह की विशेष उपस्थिति रही।

## काम बंद हड़ताल के बाद भी कर्मचारियों ने की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर पालिका कर्मचारी संगठनों द्वारा 11 अप्रैल से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल का आवाहन किया गया है जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा समय पर वेतनमान ना देना जीपीएफ एनपीएस की राशि न जमा करना एवं बिना वजह कर्मचारियों को परेशान करना आदि मुद्दे शामिल है हड़ताल के दूसरे दिन सुबह से हनुमान जयंती को देखते हुए हड़ताली कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर जुलूस मार्ग पर श्रमदान कर सफाई की साथ ही नपा के बाहन में स्वयं के व्यय से डीजल भरवाया कर्मचारियों का यह कार्य शहर भर में चर्चाओं का विषय रहा और लोग सोशल मीडिया के माध्यम से इस कार्य की तारीफ करते नजर आए इस अवसर पर कर्मचारियों ने कहा कि हम लोगों की हड़ताल से किसी को परेशानि न हो ऐसा हमारा प्रयास है साथ ही अपने कार्य के साथ धार्मिक कार्यों के प्रति भी गंभीर है।

## बुक एक्सचेंज मेले में जरूरतमंद विद्यार्थी प्राप्त कर सकेंगे निशुल्क पुस्तक

### एमएलबी स्कूल में आज बुक एक्सचेंज मेला

**दमोह।** शहर के घंटाघर के पास एमएलबी स्कूल में आज 13 अप्रैल को शाम 04 बजे से रात्रि 10 बजे तक बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन किया गया है। मेले में पिछली वर्ष की पुस्तक दान करने वाले एवं जरूरतमंद विद्यार्थी जिन्हें निशुल्क पुस्तकों की आवश्यकता हैं, वह उपस्थित होकर ऐसी पुस्तक प्राप्त कर सकेंगे। प्रशासन आनंद विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग की पहल पर ऐसे अभिभावक जो पुस्तक दान करना चाहते हैं तथा ऐसे अभिभावक जिन्हें ऐसी पुस्तकों की आवश्यकता हैं। सभी के लिए 13 अप्रैल 2025 को एमएलबी स्कूल में स्थान उपलब्ध कराया गया हैं। साथ ही सभी सम्मानजनक रूप से पुस्तक दे सकें तथा ले सकें की व्यवस्था की गई है।

## गौवध व सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी की जमानत निरस्त

### पूर्व में दर्ज 35 आपराधिक प्रकरणों के आधार पर अभियोजन द्वारा जमानत का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अपर सत्र न्यायाधीश श्री संतोष गुप्ता की अदालत ने गौवध एवं सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो को साझा करने के आरोपी पप्पू उर्फ राजा कुरैशी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। प्रकरण में मध्यप्रदेश शासन की ओर से शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने प्रभावी रूप से पक्ष रखते हुए न्यायालय को बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व से ही 35 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 9 मामले म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित हैं,साथ ही यह भी बताया गया कि आरोपी ने पूर्ववर्ती मामलों में न्यायालय द्वारा प्रदत्त जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है।

दिनांक 7 मार्च 2025 को कोतवाली पुलिस को सीताबावली मरघटा क्षेत्र में फायरिंग की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना मिली कि कल्लू उर्फ शमशेर कुरैशी के घर पर अवैध रूप से गाय का वध किया गया है। घर के भीतर से कटी हुई गाय के अंग, खून लगे औजार (कुल्हाड़ी, चाकू, आरी) बरामद किए गए।

पुलिस द्वारा की गई तत्काल कार्रवाई में कल्लू, उसकी पत्नी रेखा, सादाब, समीर और नवाजिश को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में यह सामने आया कि पप्पू उर्फ राजा कुरैशी एवं शफीक निवासी बजरिया वार्ड क्रमांक 1 भी इस अवैध कृत्य में संलिप्त थे, जो आवारा गायों को पकड़कर उनका वध कर मांस विक्रय में सहयोग करते थे।

### न्यायालय की टिप्पणी

न्यायालय ने आदेश में उल्लेख किया कि आरोपी द्वारा संगठित रूप से गौवध किया गया एवं उसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर समाज में वैमनस्यता फैलाने का प्रयास किया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व दर्ज गंभीर मामलों को देखते हुए यदि उसे जमानत दी जाती है, तो उसके पुनः अपराध करने की प्रबल संभावना बनी रहती है। अतः उसकी जमानत याचिका अस्वीकार की जाती है।

### नरवाई ना जलाने सबंधी जागरूक किया गया

**दमोह।** ग्राम पंचायत भाट खमरिया जनपद पंचायत जबेरा में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं ग्राम वासियों की उपस्तिथि में खेतों में खड़ी नरवाई न जलाने हेतु जागरूक किया गया। इन दौरान ग्रामवासियों को बताया गया नरवाई ना जलाए, इससे कई सारे नुकसान हैं। खेतों की उर्वरक क्षमता कम होती है, गर्मियों में पशुओं को खाने के लिए चारा नहीं बचता, मिट्टी कठोर होती है एवं कई सारे नुकसान है आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।